मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-565
**28/10/2023**

# कार्डियोलॉजीकल सोसायटी ऑफ इंडिया के बिहार इकाई के दो दिवसीय 29वें वार्षिक सम्मेलन का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

पटना, 28 अक्टूबर 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने होटल मौर्या में कार्डियोलॉजीकल सोसायटी ऑफ इंडिया के बिहार इकाई के दो दिवसीय 29वें वार्षिक सम्मेलन का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से हृदय रोग विशेषज्ञ शामिल हुये हैं।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया की बिहार शाखा के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुझे आने का सौभाग्य मिला है, यह मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। मुझे इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है, इसके लिए आयोजकों को धन्यवाद देता हूं। देश–विदेश से चिकित्सक आये हुये हैं और वे इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं, यह बहुत खुशी की बात है। हमलोगों ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में बहुत काम किया है। हृदय रोग के इलाज के लिए अच्छी और विशेष व्यवस्था की गई है। पहले इसपर कोई ध्यान नहीं देता था। पहले सरकारी अस्पतालों में इलाज के लिए नाममात्र के लोग आते थे लेकिन अब प्रखंड स्तर पर भी इलाज की बेहतर व्यवस्था हो जाने से काफी लोग सरकारी अस्पतालों में अपना इलाज करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी हृदय रोग संस्थान (आई0जी0आई0सी0) का पहले बहुत बुरा हाल था। एक बार जब मैं सांसद था तो मेरी मां की तबीयत खराब हो गई थी और तब मैं मां को लेकर आई0जी0आई0सी0 आया था लेकिन वहां पर बहुत हल्ला हो रहा था और सफाई आदि की भी अच्छी व्यवस्था नहीं थी, बाद में जब हमलोगों की सरकार बनी तो मैंने सबसे पहले वहां की व्यवस्था को दुरुस्त करवाया। जब भी मुझे कहीं कोई कमी दिखाई पड़ती है तो उसे मैं ठीक करवाता हूं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पी0एम0सी0एच0) को भी बड़ा और अच्छा बनवाया जा रहा है। पी0एम0सी0एच0 को 5462 बेड का अत्याधुनिक सुविधाओं से लैश अस्पताल बनाया जा रहा है ताकि मरीजों का इलाज और बेहतर ढंग से हो सके। इस अस्पताल का पहले से काफी नाम है। यहां से पढ़े हुए लोग चिकित्सा के क्षेत्र में देश–विदेश में नाम कर रहे हैं। देश के विभिन्न हिस्सों में तथा देश के बाहर भी जब मैं कहीं जाता हूं तो यहां से पढ़े हुए कई डॉक्टर मिल जाते हैं। उन्होंने कहा कि हम सरकार में आए तो आई0जी0एम0एस0 को भी बेहतर बनवाया, वहां की व्यवस्था को ठीक किया गया। सात निश्चय– 2 में बाल हृदय योजना की शुरुआत की गयी। इसके तहत जन्म से हृदय में छेदवाले बच्चों का निःशुल्क इलाज करवाया जाता है। अहमदाबाद स्थित सत्य साईं अस्पताल से करार किया गया है जहां ऐसे बच्चों का इलाज होता है। हमलोग ऐसे बच्चों के इलाज के लिये वहां भेजने एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था करायी। अब तक 794 बच्चों का इलाज हो चुका है। पटना में ही अब इसके इलाज की व्यवस्था करायी गयी और आई0जी0आई0सी0 में भी 198 बच्चों का इलाज हो चुका है और आई0जी0आई0एम0एस0 में 24 बच्चों का इलाज हो चुका है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले राज्य में 6 मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल थे, जो अब बढ़कर 13 हो गए हैं। कई अस्पतालों का और विस्तार किया जा रहा है। आई0जी0आई0एम0एस0, पटना में 2500, एन0एम0सी0एच0, पटना में 2500, एस0के0एम0सी0एच0, मुजफ्फरपुर में 2500, ए0एन0एम0सी0एच0, गया में 2500 बेड, डी0एम0सी0एच0, दरभंगा में 2500 बेड का विस्तार किया जा रहा है। राजवंशी नगर अस्पताल को हड्डी रोग के इलाज का विशिष्ट अस्पताल बनाया गया है जिसका नामकरण हमने लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल किया है। आंख के लिए राजेंद्र नगर अस्पताल को विशिष्ट अस्पताल बनाया गया है। डायबिटीज के लिए न्यू गार्डिनर अस्पताल को विशिष्ट अस्पताल के रूप में विकसित किया जा रहा है। गरीब–गुरबों के इलाज के लिए भी सरकारी मदद की जा रही है। आई0जी0आई0एम0एस0 में रोगियों के लिए मुफ्त इलाज की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि आप चिकित्सकों का हम शुरू से सम्मान करते हैं। लोगों के हित में हम हमेशा काम करते हैं। हमारे कामों की चर्चा नहीं की जाती है, केवल केंद्र के कार्यों की चर्चा होती है। आपलोगों ने मुझे इस कार्यक्रम में बुलाया इसके लिए मैं आप सबको धन्यवाद देता हूं। आपलोग इसी तरह से बेहतर तरीके से लोगों का इलाज करते रहें, यही आपसे हमारा आग्रह है। हमारे तरफ से जो भी सहयोग और सहायता की जरूरत होगी हम करते रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान आई0जी0आई0सी0 के निदेशक डॉ0 सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री एवं मंच पर विराजमान विशिष्ट अतिथियों ने 'कार्डिकॉन–2023' स्मारिका का विमोचन किया।

कार्यक्रम को मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री विजय बंक, आई0जी0आई0सी0 के निदेशक डॉ0 सुनील कुमार, आई0जी0आई0सी0 के संयुक्त निदेशक डॉ0 के0के0 वरुण, सी0एस0आई0 बिहार शाखा के अध्यक्ष डॉ0 अरविंद कुमार, आई0जी0आई0एम0एस0 के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ0 मनीष मंडल ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री संजय कुमार सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय, श्री जी0एस0गंगवार, डॉ0 अनिल ठाकुर, डॉ0 अनूप सिंह, डॉ0 यू0एन0 सिंह, मेदांता अस्पताल, पटना के निदेशक डॉ0 रविशंकर सिंह, डॉ0 एच0एन0 दिवाकर और देश के विभिन्न राज्यों से आए हुए हृदय रोग चिकित्सकगण सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

******